**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1296**
**दिनांक 27.07.2021/ 5 श्रावण, 1943 (शक) को उत्तर के लिए**

**अंतर्राज्यीय सीमा विवाद**

**1296. श्री हाजी फजलुर रहमानः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या इस समय देश के कई राज्यों में अंतर्राज्यीय सीमा विवाद है;**
**(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और ऐसे राज्यों का ब्यौरा क्या है;**
**(ग) क्या केंद्र सरकार को इस संबंध में किसी विरोध या संघर्ष की कोई सूचना मिली है;**
**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**
**(ङ) देश के अंतर्राज्यीय सीमा विवाद के निवारण में केंद्र सरकार की क्या भूमिका है?**
**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय)**

(क) और (ख): उपलब्ध सूचना के अनुसार, हरियाणा-हिमाचल प्रदेश, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र-हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र-कर्नाटक, असम-अरुणाचल प्रदेश, असम-नागालैंड, असम-मेघालय और असम-मिजोरम के बीच सीमाओं के निर्धारण के फलस्वरूप सीमा विवाद पैदा हुए हैं तथा उनके बीच क्षेत्र संबंधी दावे एवं प्रति-दावे किए गए हैं।

(ग) और (घ): कुछ विवादित सीमावर्ती क्षेत्रों में यदा-कदा विरोध और वहां हिंसा की घटनाओं की रिपोर्ट मिली है।

(ङ): केंद्र सरकार का लगातार यह दृष्टिकोण रहा है कि अंतर-राज्य विवाद केवल संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से सुलझ सकें और विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान परस्पर समझ की भावना से करने के लिए केंद्र सरकार केवल सुविधा-प्रदाता के रूप में कार्य करे।

**********